# University in News on 09 July 2024

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रवेश परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। शहर के कई शिक्षण संस्थानों में आवेदन की समय सीमा समाप्त हो चुकी है और दाखिलों के लिए दौड़ तेज हो गई है। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र सोमवार को जारी कर दिए गए।

अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। विश्वविद्यालय में 11 से 18 जुलाई तक प्रवेश परीक्षाएं प्रस्तावित हैं। नए शैक्षणिक सत्र में स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में पहुंच रही है। इसके लिए लखनऊ विश्वविद्यालय, ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, नेशनल पीजी कॉलेज, आईटी कॉलेज, नेताजी सुभाष चंद्र बोस पीजी कॉलेज में स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों प्रवेश के लिए आवेदन समाप्त हो चुके हैं।

भाषा विश्वविद्यालय ने अपने यहां सोमवार से काउंसिलिंग प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। जबकि अन्य महाविद्यालयों में काउंसिलिंग से संबंधित निर्देश जारी कर दिए गए हैं। यहां या तो प्रवेश परीक्षाएं चल रही हैं या फिर होनी हैं।

### लविवि ने 18 कोर्सों के रिजल्ट जारी किए

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने सम सेमेस्टर परीक्षा के क्रम में सोमवार को 18 कोर्सों के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए। विद्यार्थी लविवि की वेबसाइट पर विस्तृत परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। किसी तरह की समस्या होने पर परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। परीक्षा विभाग की ओर से जिन पाठ्यक्रमों के परिणाम जारी किए गए हैं, उसमें एमए, एलएलबी पांच वर्ष, एमएससी और एमलिब के विभिन्न सेमेस्टरों के परीक्षा परिणाम शामिल हैं। (संवाद)

### यूनेस्को के प्लेटफॉर्म पर लविवि की शिक्षिका के ऑनलाइन कोर्स

माई सिटी रिपोर्टर

**मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स (मूक्स) में एक हजार से ज्यादा विद्यार्थी कर चुके हैं पढ़ाई**

लखनऊ। छोटे स्तर पर ही सही पर भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में लखनऊ विश्वविद्यालय की एक शिक्षिका ने एक कदम बढ़ाया है। शिक्षा संकाय की डॉ. किरणलता डंगवाल के संयुक्त रूप से तैयार मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स (मूक्स) को यूनेस्को ने मान्यता देते हुए अपने प्लेटफॉर्म रखा है। अब तक दुनिया भर के एक हजार से ज्यादा लोग इन कोर्स की पढ़ाई कर प्रमाणपत्र प्राप्त कर चुके हैं।

डॉ. किरणलता डंगवाल ने बताया कि यूनेस्को की ओपन टेक्नोलॉजी पर आधारित चेयर और कनाडा की यूनिवर्सिटी ऑफ नोवा गोरिका ने ओपन लर्निंग के तहत यह प्रोजेक्ट दिया था। इसके तहत दो मूक्स तैयार किए गए हैं। इनमें यूनिवर्सिटी ऑफ नोवा गोरिका के प्रो. आइजेक मुलोनिनी और हरियाणा की डॉ. कविता बत्रा शामिल हैं। इनके सहयोग से तैयार पहला कोर्स है एजूकेशनल जर्नलिज्म इन डिजिटल एरा और दूसरा है अल्टरनेटिव असेससमेंट एंड स्ट्रेटजीज इन ट्वेंटी फर्स्ट सेंचुरी। इनमें पहला कोर्स शैक्षणिक पत्रकारिता पर आधारित था। जबकि दूसरा कोर्स ऑनलाइन पढ़ाई के बाद मूल्यांकन की चुनौतियों और तकनीक पर आधारित था। दोनों ही कोर्सों को काफी पसंद किया गया। महज दो महीने के समय में ही दुनिया भर से एक हजार से ज्यादा लोग ऑनलाइन माध्यम से इन कोर्सों की पढ़ाई कर चुके हैं। इनके अलावा ओवरथिंकिंग पर आधारित एक मूक्स और तैयार किया गया है। यह भी यूनेस्को के प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

**पीएचडी के माध्यम से हुई शुरुआत**



डॉ. किरणलता डंगवाल। संवाद

डॉ. किरणलता डंगवाल ने बताया कि इससे पहले उन्होंने अपनी शोधार्थी डॉ. क्षिप्रा श्रीवास्तव की पीएचडी के दौरान शिक्षकों की डिजिटल क्षमता पर आधारित मूक्स तैयार किया था। इसके बाद उन्हें और कोर्स तैयार करने की प्रेरणा मिली। अब इस प्रोजेक्ट के माध्यम से वे कई और कोर्स तैयार कर पा रही हैं।

## JAGRAN CITY PAGE III

### 18 कोर्सों के परिणाम जारी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने 18 कोर्सों की सम सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम जारी कर दिए। इनमें एम.ए लिंग्विस्टिक्स, एम.ए हिंदी, कम्पोजिट हिस्ट्री चौथे, एल.एल.बी (पांच वर्षीय) 2017, 2018, 2019 के आठवें, एम.एससी कम्प्यूटर साइंस, एम.ए जाग्रफी, लिंग्विस्टिक, एम.एससी बायो केमिस्ट्री, एम.ए एआइएच (ग्रुप-ए), एम.ए डिफेंस स्टडीज, एम.लिब दूसरे सेमेस्टर, एम.एससी बायो स्टेटिस्टिक्स, एम.ए अंग्रेजी, एम.एससी माइक्रो बायोलाजी, एम.ए अरब कल्चर, एम.ए डिफेंस स्टडीज चौथे सेमेस्टर के परिणाम शामिल हैं। (जासं)

### जारी किए गए एडमिट कार्ड

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सोमवार को स्नातक कोर्सों दाखिले के लिए होने वाली 13 पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाओं के एडमिट कार्ड जारी कर दिए। अभ्यर्थी वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/en के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षाएं 11 से शुरू होंगी। (जासं)

## HINDUSTAN PAGE 6

### बीटेक, बीफार्मा, एमसीए की खाली सीटों पर सीधे प्रवेश

**एलयू**

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 के तहत बीटेक, बीफार्मा और एमसीए में सीधे प्रवेश का मौका मिलेगा। इसी तरह बीटेक व एमसीए लेट्रल इंट्री के जरिए द्वितीय वर्ष में भी सीधे एडमिशन होंगे।

यूपी तकनीकी प्रवेश काउंसलिंगः यूपीटीएसी 2024 से रिक्त रहने वाली सीटों पर एलयू अपने स्तर से दाखिले लेगा। इस संबंध में विवि की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर आवेदन पत्र अपलोड कर दिया गया है। जहां से अभ्यर्थी आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि 25 जुलाई तक रिक्त सीटों के लिए आवेदन होंगे। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट देखें।

**प्रति सेमेस्टर फीस तय**

| | |
|---|---|
| बीटेक: | 60,130 रुपये |
| एमसीए: | 56,130 रुपये |
| बीफार्मा: | 60,130 रुपये |

प्रथम सेमेस्टर में दाखिला लेने वाले छात्रों को पंजीकरण शुल्क 1000 और कॉशन मनी 5000 रुपये भी जमा करनी होगी।

## i-NEXT PAGE 4

### एलयू में 18 कोर्सों के रिजल्ट जारी हुए

लखनऊ विश्वविद्यालय ने सोमवार को 18 कोर्सों की सम सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम जारी कर दिए. इनमें एमए लिंग्विस्टिक्स, एमए हिंदी, कम्पोजिट हिस्ट्री चौथे, एलएलबी (पांच वर्षीय) 2017, 2018, 2019 के आठवें, एमएससी कम्प्यूटर साइंस, एमए जाग्रफी, लिंग्विस्टिक, एमएससी बायो केमिस्ट्री, एमए एआइएच (ग्रुप-ए), एमए डिफेंस स्टडीज, एमलिब दूसरे सेमेस्टर, एमएससी बायो स्टेटिस्टिक्स, एमए अंग्रेजी, एमएससी माइक्रो बायोलाजी, एमए अरब कल्चर, एमए डिफेंस स्टडीज चौथे सेमेस्टर के परिणाम शामिल हैं.

### जारी किए गए यूजी के एडमिट कार्ड


लखनऊ विश्वविद्यालय ने सोमवार को स्नातक कोर्सों दाखिले के लिए होने वाली 13 पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाओं के एडमिट कार्ड जारी कर दिए. अभ्यर्थी वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/en के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं. प्रवेश परीक्षाएं 11 जुलाई से शुरू होंगी.

## TOI PAGE 2

### LU to roll out process for its four-year UG course with research

Mohita.Tewari
@timesofindia.com

**Lucknow:** The Lucknow University (LU) will soon roll out a detailed process for students opting to pursue four years of undergraduate courses under the National Education Policy (NEP). Students who want to pursue UG (four years with a research degree) but their respective colleges don't offer research-level teaching are likely to be moved to LU or another college of equivalent repute. LU has over 500 affiliated colleges.



LU adopted NEP in 2020 and the academic session 2024-25 will be the first batch of four-year UG students, who will be awarded the UG honours with research degree. Only those students who have scored 7.5 cumulative grade points average or above till the sixth semester will be allowed to pursue UG for four years.

"Not all undergraduate students will get an opportunity to pursue four-year UG. Only meritorious ones, who score above 7.5 CGPA are allowed for the four-year course. In the fourth year, the syllabus is completely focused on research and a student will be doing a specialisation in a subject just like in post-graduation," said dean, academics, Prof Geetanjali Mishra.

She said the university has already issued directives that only LU-affiliated colleges that offer post-graduation in a particular subject can admit students in UG fourth year in that subject. Colleges that don't offer PG in a particular subject will not be allowed to pursue four years of UG in that subject. Students will be allowed to do their fourth year only in their principal major also known as Major 1. In cases of students from colleges that don't offer PG but have scored 7.5 CGPA or above and want to pursue fourth year UG, they will likely be allowed to seek admission in LU or another affiliated college offering the programme.

"The University of Lucknow will become the first university to issue the degree 'UG Honours with research' in the country," said LU vice chancellor, Prof Alok Kumar Rai.

## AMRIT VICHAR PAGE 8

### लखनऊ विवि की प्रवेश परीक्षाओं की तिथियां तय, भाषा में काउंसिलिंग शुरू

#### तेज हुई प्रवेश प्रक्रिया, बीबीएयू में दो दिन बाद खुलेगा पोर्टल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : विश्वविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर परीक्षा समितियों की ओर से तेजी आई है। लखनऊ विश्वविद्यालय ने प्रवेश परीक्षा संबंधी तिथियों को घोषित किया। वहीं भाषा विवि में काउंसिलिंग के आयोजन किये गए। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर विवि में 15 से प्रवेश शुरू किये जाएंगे।

लखनऊ विश्वविद्यालय यूजीईटी 2024 के तहत 11 जुलाई से परीक्षा के आयोजन कराने जा रहा है। परीक्षाएं 18 तक चलेंगी। बीकॉम की परीक्षाएं होंगी। 12 को बीसीए और बीएससी (मैथ) का आयोजन होगा। 13 को बीबीए एलएलबी इंटीग्रेटेड पांच वर्षीय और बीए परीक्षा का आयोजन होगा। डी फार्मा और बीएससी (बॉयोलोजी) परीक्षा 14 को होगी। बीएलएड और बीवीए/बीएफए परीक्षाएं 15 को होंगी। बीजेएमसी और बीएससी (एग्रीकल्चर) परीक्षाएं लविवि 18 को आयोजित कराएगा। विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि प्रवेश आवेदन की स्क्रीनिंग जारी है। काउंसलिंग के साथ अन्य प्रक्रियाएं हो रही हैं। परीक्षा को लेकर विवि ने सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

वहीं दूसरी ओर ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में विभिन्न विषयों में स्नातक, परास्नातक, सर्टिफिकेट और डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया आरम्भ कर दी गई है। विवि में पहले दिन प्रवेश के लिए काउंसिलिंग आरम्भ कर दी गई है। विवि की प्रवक्ता डॉ. रुचिता सुजय चौधरी ने बताया कि अभ्यर्थी विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले रहे हैं। प्रवेश समन्वयक प्रो. एहतेशाम अहमद ने बताया कि सत्र 2024-25 के लिए विद्यार्थी अपने चयनित विषय और मेरिट के आधार पर भाषा विश्वविद्यालय आकर काउंसिलिंग कराकर अपना प्रवेश सुनिश्चित कर सकते हैं। प्रवेश और काउंसिलिंग से सम्बन्धित सभी आवश्यक जानकारी भाषा विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.kmclu.ac.in पर प्राप्त की जा सकती है।



नेशनल पीजी कॉलेज में स्नातक प्रवेश परीक्षा देकर निकलते अभ्यर्थी। अमृत विचार

**नेशनल पीजी कॉलेज में बीए-बीएससी प्रवेश परीक्षा का आयोजन**

अमृत विचार, लखनऊ : नेशनल पीजी कॉलेज में दो पालियों में प्रवेश परीक्षा का आयोजन हुआ। प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया पहली पाली की बीए परीक्षा में 827 छात्रों में 750 छात्र उपस्थित रहे। बीएससी मैथ ग्रुप की दूसरी पाली में 428 छात्र उपस्थित हुए। बताया कि बीए और बीएससी के परीक्षा परिणाम मंगलवार और 11 जुलाई को घोषित किये जाएंगे। 11 जुलाई से अभ्यर्थी अपने सभी मूल पत्र लाकर काउंसलिंग करा सकता है।

**बीबीएयू में 15 से होगी काउंसिलिंग :** बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय 15 जुलाई से प्रवेश आरंभ करने जा रहा है। विवि परीक्षा नियंत्रक विक्रम यादव ने बताया कि 15 जुलाई से प्रवेश के साथ काउंसिलिंग कराई जाएगी। सीयूईटी यूजी का रिजल्ट दो दिन बाद आने की संभावना है। इसी आधार पर विवि दो दिन बाद रजिस्ट्रेशन पोर्टल खोलेगा। इसमें आवेदन करने के लिए छात्रों को केवल 21 दिन का समय दिया जाएगा।